नियत तिथि:—28.11.2024

जनपद न्यायालय सीतापुर।

सूचना वास्ते कराये जाने नीलामी नीम के पेड़ की कटी हुयी शाखाओं

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक **28.11.2024** को जनपद न्यायालय सीतापुर में जजेज कालोनी में कर्मचारियों के आवासो के निकट खड़े नीम के पेड़ की कटी हुयी शाखाओं की नीलामी खुली बोली के आधार पर न्यायालय परिसर के सभा कक्ष में अपरान्ह 4.30 बजे की जायेगी। नीलामी होने वाली पेड़ की कटी हुयी शाखाओं को केन्द्रीय नाजिर दीवानी न्यायालय सीतापुर से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। नीलामी बोली बोलने से पूर्व क्रेता को 2000/— (दो हजार रूपये) धरोहर धनराशि के रूप में जमा करना होगा तभी वह नीलामी बोली में भाग ले सकता है। बोलीकर्ता के हक में नीलामी स्वीकृत होने के उपरान्त 1/4 धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी तथा शेष धनराशि दूसरे दिन जमा करना अनिवार्य होगा। सबसे ऊंची बोली स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश सीतापुर में निहित होगा। नीलामी से सम्बन्धित अन्य कर जो देय होंगें वह नीलामी क्रेता को देने होंगें।

दिनांक:—12.11.2024

अध्यक्ष नीलामी समिति,
अपर जिला जज कोर्ट संख्या—1,
जनपद न्यायालय सीतापुर।

संख्या समांक एवं तद्‌दिनांकित।

संख्या 327 दिनांक:—12.11.2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:—

1. माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय की सेवा में अवलोकनार्थ।
2. प्रतिलिपि नोडल आफीसर कम्प्यूटर को सीतापुर की बेबसाइट पर सूचना हेतु प्रेषित।
3. प्रतिलिपि प्रभारी अधिकारी नजारत को नीलामी कार्यवाही की व्यवस्था कराये जाने स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन कराये जाने के सम्बन्ध में प्रेषित।
4. प्रतिलिपि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि नीलामी सूचना पालिका परिषद के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें।

दिनांक:—12.11.2024

12/11/2024

अध्यक्ष नीलामी समिति,
अपर जिला जज कोर्ट संख्या—1,
जनपद न्यायालय सीतापुर।